केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली–110032

सं.सी-14015013/हिं.दि./20-21/ 169 दिनांक : 11/08/2023

परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार, हिंदी पखवाड़ा दिनांक 14-15 सितंबर, 2023 से पुणे (महाराष्ट्र) से माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में प्रारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात, इस कार्यालय में हिंदी पखवाड़े संबंधी प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन दिनांक 16 एवं 17 सितंबर, 2023 को शनिवार एवं रविवार होने के कारण यह दिनांक 18 सितंबर, 2023 से आयोजित किया जाएगा। तदनुसार, मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए निम्नानुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी :-

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	पुरस्कारों की राशि	पुरस्कारों की संख्या	पात्रता
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
02.	हिंदी टिप्पण/आलेखन/ पत्राचार	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
03.	शब्द स्मरण प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
04	हर चित्र कुछ कहता है	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी

प्रतियोगिताओं संबंधी नियम एवं शर्तें:

- **वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता :** कृपया अपने हस्तलिखित लेख निर्धारित तिथि के अंदर राजभाषा प्रभाग में रखे गए बॉक्स में डालें ताकि लेखों का मूल्यांकन करवाया जा सके। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। लेख राजभाषा प्रभाग द्वारा निर्धारित विषय पर उत्कृष्ट भाषा-शैली, अर्थपूर्ण, कम आंकड़ो वाला, जन-जागरूकता बढ़ाने वाला तथा **अधिकतम 10 पृष्ठों** का होने चाहिए। इसके साथ ही, **केवल हस्तलिखित लेखों** को ही स्वीकार किया जाएगा।

- **हिंदी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में व्यावहारिक/कार्यालयी हिंदी, टिप्पण/आलेखन/पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिंदी पर्याय एवं हिंदी वाक्यों/शब्दों का अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे।

- **शब्द स्मरण प्रतियोगिता :** इस प्रतियोगिता में परीक्षा स्थल पर दिए गए प्रशासनिक/पर्यावरणीय/कार्यालयी आदि शब्दों के संकलन को स्मृति के आधार पर (शब्दों) को लिखना होगा।

क्रमशः.........

- **हर चित्र कुछ कहता है:** इस प्रतियोगिता में परीक्षा स्थल पर उपलब्ध स्क्रीन पर एक फोटो प्रदर्शित की जाएगी। प्रतिभागी को उस चित्र को अपने शब्दों में व्यक्त करना होगा।
- **किसी भी प्रतियोगिता में दो या अधिक प्रतिभागियों के अंक समान होने की दशा में निर्धारित पुरस्कार राशि दोनों विजेताओं में समान रूप से विभाजित की जाएगी।**
- **विजेताओं को उनकी पुरस्कार राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी।**
- **सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायकगण का फैसला अंतिम एवं मान्य होगा।**

3. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं 18 सितंबर, 2023 से 29 सितंबर, 2023 के बीच में आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता संबंधी अन्य नियम, आयोजन की तिथि, समय, स्थान एवं अन्य जानकारी के बारे में प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

अतः उक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी, जिस-जिस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उसका नाम दर्शाते हुए अपने नाम, पदनाम, सीपी संख्या आदि विवरण **दिनांक 25.08.2023** (शुक्रवार) तक राजभाषा प्रभाग को cpcbhindievents@gmail.com पर प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

11/08

(संघ मित्र)
प्रशासनिक अधिकारी एवं
प्रभारी, राजभाषा प्रभाग

प्रतिलिपि :

1. सभी प्रभाग प्रभारी	-	कृपया अपने अधीनस्थ कार्मिकों को परिचालित करें तथा उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
2. प्रभारी, आई.टी प्रभाग	-	कृपया इसे केंद्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करवाएं।
3. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट	-	

प्रशासनिक अधिकारी